

THE FREE INDOLOGICAL COLLECTION

WWW.SANSKRITDOCUMENTS.ORG/TFIC

FAIR USE DECLARATION

This book is sourced from another online repository and provided to you at this site under the TFIC collection. It is provided under commonly held Fair Use guidelines for individual educational or research use. We believe that the book is in the public domain and public dissemination was the intent of the original repository. We applaud and support their work wholeheartedly and only provide this version of this book at this site to make it available to even more readers. We believe that cataloging plays a big part in finding valuable books and try to facilitate that, through our TFIC group efforts. In some cases, the original sources are no longer online or are very hard to access, or marked up in or provided in Indian languages, rather than the more widely used English language. TFIC tries to address these needs too. Our intent is to aid all these repositories and digitization projects and is in no way to undercut them. For more information about our mission and our fair use guidelines, please visit our website.

Note that we provide this book and others because, to the best of our knowledge, they are in the public domain, in our jurisdiction. However, before downloading and using it, you must verify that it is legal for you, in your jurisdiction, to access and use this copy of the book. Please do not download this book in error. We may not be held responsible for any copyright or other legal violations. Placing this notice in the front of every book, serves to both alert you, and to relieve us of any responsibility.

If you are the intellectual property owner of this or any other book in our collection, please email us, if you have any objections to how we present or provide this book here, or to our providing this book at all. We shall work with you immediately.

-The TFIC Team.

पाहुडदोहा चयनिका

डॉ. कमलचन्द सोगाणी
(सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र)
परामर्शदाता
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जयपुर

प्रकाशक
अपभ्रंश साहित्य अकादमी
जैनविद्या संस्थान
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी

☐ प्रकाशक

अपभ्रंश साहित्य अकादमी,
जैनविद्या सस्थान,
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी

प्राप्ति स्थान

1. जैनविद्या संस्थान, श्रीमहावीरजी-322 220
2. अपभ्रंश साहित्य अकादमी
   दिगम्बर जैन नसिया भट्टारकजी
   सवाई रामसिंह रोड, जयपुर 302 004

☐ प्रथम वार, 1991

☐ मूल्य 13.00

☐ मुद्रक

मदरलैंड प्रिंटिंग प्रेस
गीता भवन, आदर्शनगर,
जयपुर।

श्री गोपीचन्दजी सोगाणी

(१९०६ — १९६२)

श्रीमती मैना देवी सोगाणी

(१९१२ — १९९३)

परिवार-परिचय

स्वर्गीय श्री जमनालाल जी सोगाणी एव श्रीमती जडाव वाई सोगाणी के पुत्र **श्री गोपीचन्द जी सोगाणी** का स्वर्गवास 56 वर्ष की आयु मे दिनाक 28-10-62 को हो गया था। उनकी धर्मपत्नी **श्रीमती मैना देवी सोगाणी**, (पुत्री श्री लादूरामजी अजमेरा (वकील) एव श्रीमती बच्चा वाई अजमेरा) का स्वर्गवास 81 वर्ष की आयु मे 9-1-93 को हुआ।

श्री गोपीचन्दजी सोगाणी (बी ए., एल एल बी) (जन्म सन् 23 दिस 1906) के तीन भाई (श्री गुलाबचन्दजी, श्री कपूरचन्दजी एव श्री अनूपचन्दजी) व दो बहिनो मे एक श्रीमती रतन वाई थी व दूसरी श्रीमती लल्ली वाई है। **श्री गोपीचन्दजी** ने कुछ समय तक वकालत की और फिर सरकारी सेवा मे प्रवेश किया। वे इन्सपैक्टर रजिस्ट्रेशन एण्ड स्टैम्पस जयपुर के पद से सेवानिवृत्त हुए। वे सरल स्वभावी एव ईमानदार व्यक्ति थे और सदैव अपने कुटुम्बीजनो को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहते थे। उन्हें मास्टर मोतीलालजी सघी (सस्थापक, श्री सन्मति पुस्तकालय, जयपुर) पर बडी श्रद्धा थी। उनकी धर्मपत्नी **श्रीमती मैना देवी सोगाणी** (जन्म 19 जुलाई 1912) के एक भाई, श्री गोपीचन्दजी अजमेरा, एडवोकेट है व दो बहिनें (श्रीमती रतन वाई सेठी एव श्रीमती छोटी वाई पाण्ड्या) थी। श्रीमती मैना देवी सयमी, स्वाध्यायी, स्वावलम्बी व स्वाभिमानी महिला थी। वे परिश्रमी, कार्यकुशल व निर्भीक थी। उन्होने 30 वर्ष तक एक समय ही भोजन किया। आहार की शुद्धता का वे बहुत ध्यान रखती थी। मरण का आभास होने पर उन्होने आहार–पानी का त्याग कर समतापूर्वक शरीर छोडा।

उनके तीन पुत्र एव एक पुत्री हैं —

पुत्र–1 **डॉ. कमलचन्द सोगाणी**
एम ए, बी एससी., पीएच डी.
- सेवानिवृत्त प्रोफेसर दर्शनशास्त्र सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर
- ट्रस्टी श्री सन्मति पुस्तकालय, जयपुर
- ट्रस्टी, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी
- सयोजक, अपभ्रश साहित्य अकादमी, जयपुर एव जैनविद्या सस्थान, श्रीमहावीरजी

धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी सोगाणी
(पुत्री स्व श्री उमरावमलजी ठोलिया, एव श्रीमती पालकीवाई ठोलिया, जयपुर निवासी)

पुत्र-2 डॉ दीपचन्द सोगाणी
एम बी बी एस
सेवानिवृत्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी
अमृत कौर अस्पताल, ब्यावर (राज)

धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सोगाणी
पुत्री स्व मुरेन्द्रनाथजी सेठी एव
स्व रतनदेवी (कोटा निवासी)

पुत्र व पुत्रवधू	पुत्र	पुत्री–दामाद
1 श्री नीतिन सोगाणी बी एस-सी डायरेक्टर-सुतानिया फाइनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, मद्रास डायरेक्टर-पूजा साडीज, मद्रास	श्री रवि सोगाणी बी.एस-सी. स्टॉक एण्ड शेयर ब्रोकर, मद्रास स्टॉक एक्सचेंज, मद्रास	श्रीमती नीता पाटनी बी ए होलसेलर्स ऑफ बलारपुर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड श्री विजय पाटनी बी एस-सी पुत्र श्री कुशलचन्द पाटनी एव श्रीमती कमला पाटनी (जयपुर निवासी)

श्रीमती नीलू सोगाणी
पुत्री श्री शिखरीलालजी लुहाडिया
एव श्रीमती चन्द्रा देवी लुहाडिया
(मद्रास निवासी)

डिस्ट्रीब्यूटर्स .—
1 मोदी अलकलीज एण्ड केमीकल्स लि.
2 बलारपुर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
3 पजाब नेशनल फर्टीलाईजर एण्ड केमीकल्स लिमिटेड

पुत्र-3 श्री पवन कुमार सोगाणी
मैकेनिकल इन्जीनियरिंग डिप्लोमा
मैन्युफैक्चरर एण्ड सप्लायर
एक्सपोर्ट रेडिमेड गारमेन्ट्स

धर्मपत्नी श्रीमती आशा सोगाणी
(पुत्री श्री महावीर बडजात्या एव
श्रीमती शान्ति बडजात्या, जोबनेर निवासी)
चीफ इन्सपैक्टर, बायलर,
जयपुर–कार्यालय मे सेवारत

पुत्र

श्री सगम सोगाणी
विद्यार्थी बी कॉम (ऑनर्स) अन्तिम वर्ष
मैन्युफैक्चरर एण्ड सप्लायर एक्सपोर्ट रेडिमेड गारमेन्ट्स

पुत्री–4 श्रीमती विमला सोनी

दामाद, श्री सुरेन्द्र कुमार सोनी एम एम-सी
एव वरिष्ठ स्टेटिस्टिशियन
(पुत्र स्व श्री कपूरचन्दजी सोनी एव
श्रीमती गैंद बाई सोनी, जयपुर निवासी)

- जनरल मेनेजर हुकुमचन्द जूट मिल्स
  हाजी नगर, कलकत्ता
- टैक्निकल कनसल्टैन्ट
  - क यूनाइटेड नेशन्स इण्डस्ट्रियल डवलपमैन्ट आर्गेनाइजेशन
  - ख एशियन डवलपमैन्ट बैंक

पुत्र	पुत्री व दामाद
श्री अमित सोनी	श्रीमती वीनू गोधा बी ए
विद्यार्थी बी कॉम. (ऑनर्स)	श्री प्रवीण चन्द गोधा (पुत्र,
अन्तिम वर्ष	श्री पदमचन्दजी गोधा एव
	श्रीमती कमलादेवी गोधा, अजमेर निवासी)
	फैलो चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट

स्व. डॉ. ए. एन. उपाध्ये

एवं

स्व डॉ हीरालाल जैन

को

सादर समर्पित

अनुक्रमणिका

प्रकाशकीय

प्रस्तावना

1 पाहुडदोहा चयनिका के दोहे एव हिन्दी अनुवाद

2 व्याकरणिक विश्लेषण एव शब्दार्थ

3 सकेत-सूची

4 पाहुडदोहा एव चयनिका दोहाक्रम

5 सहायक पुस्तकें एव कोश

प्रकाशकीय

विश्व मे दो ही प्रकार के तत्व हैं—(1) चेतन और (2) जड। चेतन तत्व है आत्मा/जीव, शेष समस्त पदार्थ/वस्तुए जड हैं। चेतन और जड दोनो स्वरूपत विल्कुल भिन्न, पृथक्-पृथक् तत्व हैं, किन्तु चेतन जड पदार्थो से अपने आपको जोडे रखता है, बाँधे रखता है, यहा तक कि उसको अपना ही समझने लगता है। इस प्रकार 'पर' के प्रति लगाव/अपनत्व/ममत्व/मोह से दु ख उत्पन्न होता है। पर-पदार्थ को अपना समझने की भ्राति/भ्रातधारणा ही दु ख का मूल है।

जगत् का प्रत्येक प्राणी सुख चाहता है और दु ख से डरता है। इसलिए तीर्थंकर, ऋषि-मुनि, त्यागी-तपस्वी अपने अनुभवो के आधार पर प्राणियो को समझाते रहे हैं—वास्तविक सुख 'पर' से अपने को अलग पहचानने-समझने, जानने-मानने मे है, यह ही आत्मज्ञान है। इन्द्रिय-सुख शाश्वत नही है, सच्चा सुख इन्द्रियो पर विजय और आत्मध्यान मे ही मिलता है, यह सुख चिरस्थायी और कल्याणकारी है। आत्म-साधक आचार्यों ने उपभोग की अपेक्षा त्याग और कर्मकाण्ड की अपेक्षा स्वानुभव का माहात्म्य वताया है। सभी धर्मों मे समय-समय पर, अलग-अलग रूपो मे, अनेक भाषाओ मे, नई-नई शब्दावलियो मे इन्ही तथ्यो की घोषणा की गई है।

दसवी शताब्दी के कवि मुनि रामसिंह ने तत्कालीन लोकभापा अपभ्रश मे पाहुड-दोहा की रचना की। पाहुड=उपहार, भेंट, पाहुडदोहा=दोहो का उपहार। सामान्यजन के लाभार्थ उन्होने यह 'दोहो का उपहार' दिया। पाहुडदोहा उनकी एकमात्र उपलब्ध कृति है। मुनि रामसिंह राजस्थान प्रान्त के कवि थे। डॉ हीरालाल जैन ने पाहुडदोहा की प्रस्तावना मे लिखा है—"ग्रन्थ मे 'करहा-ऊँट' की उपमा बहुत आई है तथा भापा मे भी 'राजस्थानी-हिन्दी' के प्राचीन मुहावरे दिखाई देते हैं। इससे अनुमान होता है कि ग्रन्थकार राजपुताना के थे।" मुनि रामसिंह आध्यात्मिक रहस्यवादी धारा के प्रमुख कवियो मे से एक हैं। वे साम्प्रदायिकता, सकीर्ण विचार-धारा, वाह्याडम्वर की अपेक्षा आत्मज्ञान के प्रवल समर्थक व परममाधक हैं। आचार्य

कुन्दकुन्द, कवि योगीन्दु जैसे आत्मसाधको के क्रम मे ही मुनि रामसिंह की इस रचना मे आत्मानुभव की महत्ता, धर्म के नाम पर फैले क्रियाकाड, अन्धविश्वासो की निस्सारता/थोथेपन/भर्त्सना के स्वर मुखरित है। प्रस्तुत रचना मे उन्होने अपने गूढ आत्मिक अनुभवो को सर्वजन-हिताय निवद्ध किया है। उन्होने कहा—आत्मशुद्धि के लिए आवश्यकता है केवल राग-द्वेप-मोह की प्रवृत्तियो को रोकने और अपने-पराये/स्व-पर/जड-चेतन की पहचान की—

अम्मिए जो परु सो जि परु परु अप्पाण ण होइ ।
हउ डज्झउ सो उव्वरइ वलिवि ण जोवइ तोइ ।।

—अहो ! जो पर है वह पर है। परवस्तु आत्मा नही होती है। मैं जला दिया जाता हूँ, (वह) आत्मा शेप रहता है, तव (भी वह) मुडकर भी नही देखता।

अप्पापरहूं ण मेलयउ

—आत्मा और पर का मिलाप (कभी) नही होता।

इसलिए

जोइय भिण्णउ झाय तुहु देहहं तें अप्पाणु ।

—हे योगी ! तू तेरी आत्मा को देह से भिन्न ध्यान कर।
उन्होने कहा—आत्मज्ञान से रहित क्रियाकाड कणरहित भूसा कूटने के समान है।

पाहुडदोहा के इन्ही भावो से ओतप्रोत 222 दोहो मे से विशिष्ट, सरल, सर्वोपयोगी 92 दोहो का सकलन है यह 'पाहुडदोहा चयनिका'। इनका चयन सकलन, विश्लेपण किया है डॉ कमलचन्द जी सोगाणी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दर्शन-विभाग, सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर, ने। 'चयनिका' ग्रन्थ के मूलहार्द को सक्षिप्त रूप मे प्रस्तुत करने की डॉ सोगाणी की विशिष्ट शैली, एक अलग पहचान है। इस चयनिका मे मूलदोहा, उसका व्याकरणिक विश्लेपण और उसी पर आधारित हिन्दी अर्थ व शब्दार्थ दिए गए है जिससे पाठक अपभ्रश व्याकरण और रचनाकार की मौलिकता दोनो को ही समझ सके। व्याकरणिक विश्लेपण की यह पद्धति डॉ सोगाणी की मौलिक देन है।

इस 'चयनिका' के लिए हम डॉ सोगाणी के आभारी हैं। पुस्तक-प्रकाशन मे सहयोगी कार्यकर्ता भी धन्यवादार्ह है। मुद्रण के लिए मदरलैण्ड प्रिंटिंग प्रैस, जयपुर के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित है।

महावीर जयन्ती,
चैत्र शुक्ला 13, वी. नि. स 2517
28-3-1991

ज्ञानचन्द्र खिन्दूका
सयोजक
जैनविद्या सस्थान समिति,
जयपुर

श्री सन्मति पुस्तकालय
-: हल्दियों का रास्ता :-
जौहरी बाजार
जयपुर-३ (राजस्थान)

प्रस्तावना

यह इतिहास-सिद्ध बात है कि मनुष्य हजारो वर्षों से शान्ति की खोज मे प्रयत्नशील रहा है। इसी के परिणामस्वरूप वह अध्यात्म के शिखर पर पहुचने मे सफल हुआ है। जैसे आयुर्विज्ञान ने विभिन्न शारीरिक व मानसिक रोगो के कारणो की खोज करके उनको दूर करने के उपाय किए है उसी प्रकार अध्यात्म ने मानवीय अशान्ति के कारणो को खोजकर उनसे बचने के लिए मनुष्य को प्रेरित किया है। जिस ससार मे मनुष्य रहता है वहाँ विभिन्न वस्तुओ और विभिन्न मनुष्यो से उसका सम्बन्ध आवश्यक होता है। जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नही जहाँ वह वस्तुओ के उपयोग और मनुष्यो के सहयोग के बिना चल सकता हो। उसकी तृप्ति इसी उपयोग और सहयोग से होती है। यह तृप्ति मनुष्य के जीवन का स्वीकारात्मक पक्ष है। किन्तु इस तृप्ति के पूर्व जहाँ मनुष्य को आकुलता-व्याकुलता रहती है वहा उसको इसके पश्चात उसमे अस्थायित्व का भान होता रहता है। यह अस्थायित्व बार-बार तृप्ति की आकाक्षा को जन्म देता है और इसी से वस्तु और व्यक्ति के प्रति आसक्ति का आविर्भाव होता है तथा मानसिक अशान्ति उत्पन्न होती है। इस तरह सामान्य मनुष्य विभिन्न प्रकार की आसक्तियो के घेरे मे ही जीता है। मुनि रामसिंह ने पाहुडदोहा[1] मे ऐसे सूत्र दिए है जिससे व्यक्ति आसक्तियो के घेरे से बाहर निकल सके और स्थायी शान्ति की ओर अग्रसर हो सके।

मनुष्य जब अपने इर्द-गिर्द की वस्तुओ को देखता है और जब वह मनुष्यो के सम्पर्क मे आता है तो एक बात स्पष्ट रूप से उसे समझ मे

---

1 पाहुडदोहा के रचनाकार मुनि रामसिंह हैं। डॉ हीरालाल जैन के अनुसार मुनि रामसिंह राजस्थान के प्रतीत होते हैं। इनका समय 1000 ईस्वी माना गया है। पाहुडदोहा 'अपभ्रश' भाषा मे रचित है। इसमे अपभ्रश के 222 दोहे हैं। इनमे से ही हमने 92 दोहो का चयन पाहुडदोहा चयनिका के अन्तर्गत किया है। मुनि रामसिंह ने अध्यात्मप्रधान शैली मे यह ग्रन्थ लिखा है। इसी का सक्षिप्त विवेचन हमने प्रस्तावना मे किया है।

आने लगती है कि यौवन, जीवन, धन, घर और सम्पदा जल की एक बूँद की तरह अस्थिर हैं। मृत्यु के आने पर किसी को कोई नही बचा सकता। देह मरणशील है। देह मे बुढापा और मृत्यु दोनो होते हैं। देह मे भिन्न-भिन्न आकृतिया होती हैं। रोग भी देह मे ही होते है (22)। इस तरह से वस्तुओ की अनित्यता और जीवन की अस्थिरता की अनुभूति के कारण वह अपने आप से प्रश्न पूछता है--क्या यहाँ कुछ नित्य है ? क्या यहाँ कुछ स्थिर है, अमर है ? इस प्रश्न के उत्तर की खोज मे वह आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करता है (45)।

इस ज्ञान के फलस्वरूप उसमे आत्म-तत्व के प्रति रुचि उत्पन्न होती है। पाहुडदोहा का कथन है कि आध्यात्मिक ज्ञान के बिना व्यक्ति स्थिर आत्म-तत्व को नही समझ सकता है (16)। मुनि रामसिंह ऐसे बहुत शब्दो के ज्ञान को (68), बहुत शास्त्रो के अभ्यास का निरर्थक मानते हैं जो अमरता, नित्यता के प्रति आस्था उत्पन्न न कर सके (54, 68, 69, 70)। व्याख्यान देते हुए ज्ञानी ने यदि आत्मा मे चित्त नही दिया तो वह कणो को छोडकर भूसा ही इकट्ठा कर रहा है (47, 48)। अत्यधिक बाहरी जानकारी होते हुए भी यदि व्यक्ति आत्म-बोध-रहित बना रहता है तो यह बाह्य जानकारी उसके जीवन मे उचित परिणाम उत्पन्न करने मे असमर्थ रहती है (46)। वह व्यक्ति जो अपने अन्दर स्थित शान्त और शुद्ध आत्मा को नही देखता और उसे तीर्थों और देवालयो मे खोजता है वह अज्ञानी है (52, 85, 86)। यह सच है कि बाहरी वस्तुओ की अनित्यता तो आसानी से अनुभव मे आ जाती है किन्तु देह का आत्मा से घनिष्ठ सम्बन्ध होने के कारण देह की अनित्यता को समझना कठिन रहता है और इस कारण से मरण-भय से छुटकारा पाना कठिन हो जाता है (21)। इसलिए पाहुडदोहा का समझाना है कि आत्मा और अन्य का मिलाप कभी नही होता है, वह क्या करेगा जिसके पास अपने आपका देह से अलग करने की कला नही है (53) ? पाहुडदोहा ने देह से भिन्न आत्मा मे रुचि उत्पन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार से हमे समझाया है, जैसे--जगत की शोभा आत्मा को छोडकर जो लोग 'पर' मे टिकते हैं वे मिथ्यादृष्टि है (38)। पाहुडदोहा ने शरीर के विशेषणो को आत्मा मे नकारा है और कहा है कि आत्मा तो

ज्ञानात्मक स्वरूप है, अजर-अमर है (17 से 23)। जिसके द्वारा आत्मा निज देह से भिन्न नही जाना गया है वह अधा है, वह किस प्रकार दूसरे अधो को मार्ग दिखलायेगा (71)। बहुत अटपट कहने से क्या लाभ है ? देह आत्मा नही है, हे योगी ! देह से भिन्न ज्ञानमय आत्मा है, वह तू है (79)। जिसके हृदय मे जन्म-मरण से रहित दिव्य आत्मा निवास नही करती है, वह किस प्रकार श्रेष्ठ जीवन प्राप्त करेगा (83) ? तू चाहे शरीर का उपलेपन कर, चाहे घी, तेल आदि लगा, चाहे सुमधुर आहार उसको खिला और चाहे उसके लिए और भी नाना प्रकार की चेष्टाएँ कर किन्तु देह के लिए किया गया उपकार सब ही व्यर्थ हुआ है, जिस प्रकार दुर्जन के प्रति किया गया उपकार व्यर्थ जाता है (12)। जैसे प्राणियो के लिए झोपडा होता है वैसे ही जीव के लिए काय होती है, वहाँ ही प्राणपति आत्मा रहता है, इसलिए हे योगी ! उसमे ही मन लगा।

शान्ति-साधना की भूमिका

शान्ति की साधना के लिए आसक्तियो के घेरे से बाहर निकलना आवश्यक है। । इसके लिए सर्वप्रथम लक्ष्य के प्रति दृढता अनिवार्य है (62)। पाहुडदोहा इस बात पर खेद व्यक्त करता है कि लक्ष्य के प्रति यद्यपि मन को रोका जाता है, पर वह आदत के वशीभूत होने के कारण आत्मा की धारणा न करके 'पर' की ओर चला जाता है (64)। अत· लक्ष्य के प्रति समर्पण अति आवश्यक है जिससे मन धीरे-धीरे 'पर' की ओर जाने की अपनी कुटेव को छोड दे। 2. लक्ष्य के प्रति दृढता के साथ साधक कुसगति का त्याग करदे। सगति का व्यक्ति के विचारो, भावनाओ और चारित्र पर अत्यधिक प्रभाव पडता है। कुसगति से खोटी आसक्तिया पनपती है। व्यक्ति इनके कारण व्यसनो मे, दुराचरण मे लग जाता है और अच्छे विचारो से दूर होता चला जाता है। पाहुड-दोहा का यह विश्वास उचित प्रतीत होता है कि यदि भले लोग भी दुराचारियो की सगति करते है तो उनके गुण भी धीरे-धीरे नष्ट हो जाते है (81)। इसका कारण यह मालूम होता है कि व्यक्ति जिनके साथ रहता है उनके साथ तादात्म्य करता चलता है और इससे उनके गुण-दोष ग्रहण कर लेता है। अत व्यसनो, दुराचारी व दुष्ट लोगो की

सगति दृढतापूर्वक छोड देनी चाहिए (81)। उनकी सगति की जानी चाहिए जो 'रसो व रूपो' मे आसक्त नही है (55, 73)। ऐसे लोगो को ही मित्र की कोटि मे रखा जाना चाहिए (73)। 3 कुसगति के त्याग के पश्चात ही साधक लक्ष्य की ओर बढने के लिए मानसिक तैयारी करे। साधक घर, नौकर-चाकर, शरीर व इच्छित वस्तुओ को अपनी न समझे (7)। ये सभी वस्तुए आत्मा से अन्य हैं और कर्मों से उत्पन्न हैं अतः नष्ट होनेवाली और बनावटी हैं (9, 10)। वह विचार करे कि जगत धन्धे मे उलझा हुआ है और ज्ञानरहित होकर हिंसादि कर्मों को करता है। वह आत्मा के विषय मे एक क्षण भी विचार नही करता है, यह स्थिति दुःखदायी है जिससे बचा जाना चाहिए (6)। सदुपदेशो को ग्रहण करने के लिए मन चिंतारहित होना चाहिए (27)। निश्चिन्तता मे ही मन की एकाग्रता हो पाती है और सदुपदेश ग्रहण करने की भूमिका बनती है। साधक विचार करे कि ज्ञानमय आत्मा को छोडकर सभी कुछ कर्म-कृत है (23-24)। अतः पर वस्तु का मनन उच्चतम लक्ष्य की प्राप्ति मे बाधक है (40)।

साधना का मार्ग

आत्मा मे रुचि और मानसिक तैयारी से ही साधक सयम-मार्ग पर चलने के लिए योग्य बनता है (62)। इन्द्रिय-सयम साधना का क्रियात्मक रूप है। पाहुडदोहा का कथन है कि इन्द्रिय-विषयो मे रमण न किया जाय (50)। इन्द्रिय-विषय-सुख दो दिन के हैं, फिर दु खो का क्रम शुरू हो जाता है। हे जीव ! तू अपने कधे पर कुल्हाडी मत चला (11)। हे मनुष्य ! इन्द्रिय-विषयो का सेवन करने से तो तू दु खो का ही साधक होता है, इसलिए तू निरन्तर जलता है, जैसे घी से अग्नि जलता है (66)। पाहुडदोहा का कहना है कि यदि इन्द्रियो का प्रसार रोका गया है तो यही परमार्थ है (85)। चित्त की निर्मलता साधना के लिए आवश्यक है इसके बिना बाहरी तप व्यर्थ है, (35)। अन्याय न करना और अहिंसा का पालन—इन दो सद्गुणो के साधक के जीवन मे प्रविष्ट होने पर साधना सामाजिक आयाम ग्रहण कर लेती है और प्रशमनीय हो जाती है (78)। साधना मे ध्यान का महत्व सर्वोपरि है। जो व्यक्ति निर्मल ध्यान मे ठहर जाता है वह दूसरे पदार्थों के साथ

क्रीडा ही करता है, उसमे आसक्त नही होता है (61)। ध्यान की शक्ति से व्यक्ति हर्ष और विषाद से परे हो जाता है (28)। ऐसा व्यक्ति ही समतावान कहलाता हे। साधना की पूर्णता समतावान बनने मे है (1)।[1]

चयनिका के उपर्युक्त विषय से स्पष्ट है कि पाहुडदोहा मे आसक्ति के घरे से निकलने के लिए मार्ग प्रशस्त किया गया है। इसी विशेषता से प्रभावित होकर यह चयन पाठको के समक्ष प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। दोहो के हिन्दी अनुवाद को मूलानुगामी बनाने का प्रयास किया गया है। यह दृष्टि रही है कि अनुवाद पढने से ही शब्दो की विभक्तियाँ एव उनके अर्थ समझ मे आ जावे। अनुवाद को प्रवाहमय बनाने की भी इच्छा रही है। कहा तक सफलता मिली है इसको तो पाठक ही बता सकेंगे। अनुवाद के अतिरिक्त दोहो का व्याकरणिक विश्लेषण व शब्दार्थ भी प्रस्तुत किया गया है। इस विश्लेषण मे जिन सकेतो का प्रयोग किया गया है उनको सकेत-सूची मे देखकर समझा जा सकता है। यह आशा की जाती है कि इससे अपभ्रश को व्यवस्थितरूप मे सीखने मे सहायता मिलेगी तथा व्याकरण के विविध नियम सहज मे ही सीखे जा सकेंगे। यह सर्वविदित है कि किसी भी भाषा को सीखने के लिए व्याकरण का ज्ञान अत्यावश्यक है। प्रस्तुत दोहे, उनके व्याकरणिक विश्लेषण एव शब्दार्थ से व्याकरण के साथ-साथ शब्दो के प्रयोग भी सीखने मे मदद मिलेगी। शब्दो की व्याकरण और उनका अर्थपूर्ण प्रयोग दोनो ही भाषा सीखने के आधार होते है। अनुवाद एव व्याकरणिक विश्लेषण जैसा भी बन पाया है पाठको के समक्ष है। पाठको के सुझाव मेरे लिए बहुत ही काम के होगे।

आभार

पाहुडदोहा चयनिका के लिए हमने डा हीरालाल जैन द्वारा सम्पादित पाहुडदोहा का उपयोग किया है। इसके लिए मैं स्व डा. हीरालाल जैन के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। पाहुडदोहा का यह सस्करण कारजा (वरार) से सन् 1933 (विक्रम स 1990) मे प्रकाशित हुआ है।

---

1 विस्तार के लिए अष्टपाहुड चयनिका की प्रस्तावना देखें।

पाहुडदोहा चयनिका के प्रूफ सशोधनो का कार्य अपभ्रश डिप्लोमा के मेरे विद्यार्थियो, सुश्री प्रीति जैन एव सुश्री सीमा बत्रा ने, जो अकादमी मे कार्यरत हैं, सहर्ष और रुचिपूर्वक सम्पन्न किया है। अत मैं उनका आभारी हूँ। मैं सुश्री प्रीति जैन का विशेष रूप मे आभारी हूँ जिन्होने इस पुस्तक के सम्पादन–प्रकाशन मे महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

मेरी धर्मपत्नी श्रीमती कमलादेवी सोगाणी ने प्रस्तावना लिखते समय मुझे महत्वपूर्ण विचार दिए और व्याकरणिक विश्लेषण का मूल प्रति से मिलान किया, इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने के लिए जैनविद्या सस्थान समिति एव उसके सयोजक श्री ज्ञानचन्द्र जी खिन्दूका ने जो व्यवस्था की है उसके लिए आभार प्रकट करता हूँ।

—कमलचन्द सोगाणी

परामर्शदाता
अपभ्रश साहित्य अकादमी
जयपुर।



पाहुड़दोहा चयनिका

1. गुरु दिणयरु गुरु हिमकरणु गुरु दीवउ गुरु देउ ।
अप्पापरहं परंपरहं जो दरिसावइ भेउ ।।

2. अप्पायत्तउ जं जि सुहु तेण जि करि सतोसु ।
परसुहु वढ चिंततहं हियइ ण फिट्टइ सोसु ।।

3. आभुजंता विसयसुह जे ण वि हियइ धरंति ।
ते सासयसुहु लहु लहहिं जिणवर एम भणंति ।।

4. ण वि भुजंता विसय सुह हियडइ भाउ धरंति ।
सालिसित्थु जिम वप्पुडउ णर णरयहं णिवडंति ।।

5. आयइं अडवड वडवडइ पर रंजिज्जइ लोउ ।
मणसुद्धइं णिच्चलठियइं पाविज्जइ परलोउ ।।

6 धंधइं पडियउ सयलु जगु कम्मइं करइ अयाणु ।
मोक्खहं कारणु एक्कु खणु ण वि चिंतइ अप्पाणु ।।

1 (जिस प्रकार) (प्रकाश और अन्धकार की परम्परा के भेद को दिखानेवाला) सूर्य महान (होता है), चन्द्रमा महान (होता है), (तथा) दीपक (भी) महान (होता है), (उसी प्रकार) जो देव (समतावान व्यक्ति) (आत्मा के) स्वभाव और परभाव की परम्परा के भेद को समझाता है, वह (भी) महान (होता है)।

2 जो भी सुख स्वय के अधीन (रहता है), (तू) उसमे ही सन्तोष कर। हे मूर्ख! दूसरो के (अधीन) सुख का विचार करते हुए (व्यक्तियो) के हृदय मे कुम्हलान (होती है), (जो) कभी नही मिटती है।

3 जो (इन्द्रिय–) विषयो (से उत्पन्न) सुखो को सब ओर से भोगते हुए (भी) (उनको) कभी भी हृदय मे धारण नही करते हैं, वे (व्यक्ति) शीघ्र (ही) अविनाशी सुख को प्राप्त करते हैं। इस प्रकार जिनवर (समतावान व्यक्ति) कहते हैं।

4 (जो) (व्यक्ति) (इन्द्रिय–) विषयो के सुखो को न भोगते हुए भी (उनके प्रति) आसक्ति को हृदय मे रखते हैं, (वे) मनुष्य नरको मे गिरते हैं, जैसे बेचारा सालिसित्थ (नरक मे) (पडा था)।

5 (जो) (व्यक्ति) आपत्ति मे अटपट बडबडाता है, (उससे) (तो) लोक (ही) खुश किया जाता है (और कोई लाभ नही होता है), किन्तु (आपत्ति मे) मन के कषायरहित होने पर (और) अचलायमान और दृढ होने पर (यहाँ) पूज्यतम जीवन प्राप्त किया जाता है।

6 धधे मे पडा हुआ सकल जगत ज्ञानरहित (होकर) (हिंसा आदि के) कर्मों को करता है, (किन्तु) मोक्ष (शान्ति) के कारण आत्मा को एक क्षण भी नही विचारता है।

7. अण्णु म जाणहि अप्पणउ घरु परियणु तणु इट्ठु ।
कम्मायत्तउ कारिमउ आगमि जोईहिं सिट्ठु ।।

8. जं दुक्खु वि तं सुक्खु किउ जं सुहु त पि य दुक्खु ।
पइं जिय मोहहिं वसि गयइ तेण ण पायउ मुक्खु ।।

9. मोक्खु ण पावहि जीव तुहु धणु परियणु चिंतंतु ।
तो इ विचिंतहि तउ जि तउ पावहि सुक्खु महंतु ।।

10. मुढा सयलु वि कारिमउ मं फुडु तुहुं तुस कंडि ।
सिवपइ णिम्मलि करहि रइ घरु परियणु लहु छडि ।।

11. विसयसुहा दुइ दिवहडा पुणु दुक्खह परिवाडि ।
भुल्लउ जीव म वाहि तुहुं अप्पाखधि कुहाडि ।।

12. उव्वलि चोप्पडि चिट्ठ करि देहि सुमिट्ठाहार ।
सयल वि देह णिरत्थ गय जिह दुज्जणउवयार ।।

13. अथिरेण थिरा मइलेण णिम्मला णिग्गुणेण गुणसारा ।
काएण जा विढप्पइ सा किरिया किण्ण कायव्वा ।।

7 घर, नौकर-चाकर, शरीर (तथा) इच्छित वस्तु को अपनी मत जानो, (चूंकि) (वे) (सब) (आत्मा से) अन्य (हैं)। (वे) (सब) कर्मो के अधीन बनावटी (स्थिति) (है)। (ऐसा) योगियो द्वारा आगम मे बताया गया है।

8 हे जीव! (तू) आसक्ति के कारण परतन्त्रता मे डूबा है। (इस कारण से) जो दु ख (है) वह (तेरे द्वारा) सुख ही माना गया (है) और जो (वास्तविक) सुख (है), वह (तेरे द्वारा) दु ख ही (समझा गया है)। इसलिए तेरे द्वारा परम शान्ति प्राप्त नही की गई (है)।

9 हे जीव! तू धन और नौकर-चाकर को मन मे रखते हुए शान्ति नही पायेगा। आश्चर्य! तो भी (तू) उनको उनको ही मन मे लाता है (और) (उनसे) विपुल सुख (व्यर्थ मे) (ही) पकडता है।

10 हे मूढ! (यह) सब (ससारी वस्तु समूह) ही बनावटी (है)। (इसलिए) तू (इस) स्पष्ट (वस्तुरूपी) भूसे को मत कूट अर्थात् तू इसमें समय मत गवां। घर (और) नौकर-चाकर को शीघ्र छोडकर तू निर्मल शिवपद (परम शान्ति) मे अनुराग कर।

11 (इन्द्रिय–) विषय-सुख दो दिन के (हैं), और फिर दु खो का क्रम (शुरु हो जाता है)। हे (आत्म-स्वभाव को) भूले हुए जीव! तू अपने कधे पर कुल्हाडी मत चला।

12 (तू) (चाहे) (शरीर का) उपलेपन कर, (चाहे) घी, तेल आदि लगा, (चाहे), सुमधुर आहार (उसको) खिला, (और) (चाहे) (उसके लिए) (और भी) (नाना प्रकार की) चेष्टाएँ कर, (किन्तु) देह के लिए (किया गया) सब कुछ ही व्यर्थ हुआ (है), जिस प्रकार दुर्जन के प्रति (किया गया) उपकार (व्यर्थ होता है)।

13 अस्थिर, मलिन और गुणरहित शरीर से जो स्थिर, निर्मल और गुणो (की प्राप्ति) के लिए श्रेष्ठ (स्व-पर उपकारक) क्रिया उदय होती है, वह क्यो नही की जानी चाहिए?

14. अप्पा बुज्झिउ णिच्चु जइ केवलणाणसहाउ ।
ता पर किज्जइ काइं वढ तणु उप्परि अणुराउ ।।

15. जसु मणि णाणु ण विप्फुरइ कम्महं हेउ करंतु ।
सो मुणि पावइ सुक्खु ण वि सयलइं सत्थ मुणंतु ।।

16. वोहिविवज्जिउ जीव तुहुं विवरिउ तच्चु मुणेहि ।
कम्मविणिम्मिय भावडा ते अप्पाण भणेहि ।।

17. ण वि तुहुं पंडिउ मुक्खु ण वि ण वि ईसरु ण वि णीसु ।
ण वि गुरु कोइ वि सीसु ण वि सव्वइं कम्मविसेसु ।।

18 ण वि तुहुं कारणु कज्जु ण वि ण वि सामिउ ण वि भिच्चु।
सूरउ कायरु जीव ण वि ण वि उत्तमु ण वि णिच्चु ।।

19. पुण्णु वि पाउ वि कालु णहु धम्मु अहम्मु ण काउ ।
एक्कु वि जीव ण होहि तुहुं मिल्लिवि चेयणभाउ ।।

20. ण वि गोरउ ण वि सामलउ ण वि तुहुं एक्कु वि वण्णु ।
ण वि तणुअंगउ थूलु ण वि एहउ जाणि सवण्णु ।।

21. देहहो पिक्खिवि जरमरणु मा भउ जीव करेहि ।
जो अजरामरु बभु परु सो अप्पाण मुणेहि ।।

14 यदि आत्मा नित्य और केवलज्ञान स्वभाववाली समझी गई (है), तो हे मूर्ख ! (इस आत्मा से) भिन्न शरीर के ऊपर आसक्ति क्यो की जाती है ?

15 जिस (मुनि) के हृदय मे (आध्यात्मिक) ज्ञान नही फूटता है, वह मुनि सभी शास्त्रो को जानते हुए भी सुख नही पाता है (और) विभिन्न कर्मों (मानसिक तनावो) के कारणो को करता हुआ ही (जीता है) ।

16 आध्यात्मिक ज्ञान (से रहित) के विना हे जीव ! तू (आत्म-) तत्व को असत्य मानता है । (तथा) कर्मों से रचित उन (शुभ-अशुभ) चित्तवृत्तियो को (तू) स्वर्ग की (चित्तवृत्ति) समझता है ।

17 (हे मनुष्य) ! न ही तू पडित (है), न ही (तू) मूर्ख (है), न ही (तू) धनी (है), न ही (तू) निर्धन (है), न ही (तू) गुरु (है) । कोई शिष्य (भी) नही (है) । (ये) सभी (बातें) कर्मों की विशेषता (हैं) ।

18 हे मनुष्य ! न ही तू कारण (है), न ही (तू) कार्य (है), न ही (तू) स्वामी (है), न ही (तू) नौकर (है), न ही (तू) शूरवीर (है), (न ही) (तू) कायर (है), न ही (तू) उच्च (है) और न ही (तू) नीच (है) ।

19 हे मनुष्य ! तू पुण्य, पाप और मृत्यु नही (है) । (तू) धर्म, अधर्म और शरीर नही (है) । (वास्तव मे) (तू) ज्ञानात्मक स्वरूप को छोडकर कुछ भी नही है ।

20 (हे मनुष्य) ! (तू) न गोरा (है), न काला (है) । इस प्रकार (तेरा) कोई भी वर्ण नही है । (तू) न ही दुर्बल अगवाला (है) और न ही स्थूल (शरीर-वाला) है । (अत) तू स्ववर्ण (स्व-स्वरूप) को समझ ।

21 हे मनुष्य ! देह का बुढापा और (उसकी) मृत्यु को देखकर भय मत कर । जो अजर-अमर परम ब्रह्म (है), वह (तेरा) स्वरूप (है) । (इस बात को) (तू) समझ ।

22 देहहि उब्भउ जरमरणु देहहि वण्ण विचित्त ।
देहहो रोया जाणि तुहुं देहहि लिंगइं मित्त ।।

23. कम्मह केरउ भावडउ जइ अप्पाण भणेहि ।
तो वि ण पावहि परमपउ पुणु संसारु भमेहि ।।

24 अप्पा मिल्लिवि णाणमउ अवरु परायउ भाउ ।
सो छंडेविणु जीव तुहुं भावहि सुद्धसहाउ ।।

25. बुज्झहु बुज्झहु जिणु भणइ को बुज्झउ हलि अण्णु ।
अप्पा देहहं णाणमउ छुडु बुज्झियउ विभिण्णु ।।

26. पंच वलद्द ण रक्खियइं णंदणवणु ण गओ सि ।
अप्पु ण जाणिउ ण वि परु वि एमइ पव्वइओ सि ।।

27. मणु जाणइ उवएसडउ जहिं सोवेइ अचिंतु ।
अचित्तहो चित्तु जो मेलवइ सो पुणु होइ णिचिंतु ।।

28 मिल्लहु मिल्लहु मोक्कलउ जहिं भावइ तहिं जाउ ।
सिद्धिमहापुरि पइसरउ मा करि हरिसु विसाउ ।।

29. अम्मिए जो परु सो जि परु परु अप्पाण ण होइ ।
हउ डज्झउ सो उव्वरइ वलिवि ण जोवइ तो इ ।।

22 हे मित्र ! तू समझ (कि) बुढापा और मृत्यु दोनो देह मे (होते हैं), भिन्न-भिन्न आकृतियाँ देह मे (ही) (होती है)। रोग (भी) देह के (ही) (होते हैं), (विभिन्न) लिंग भी देह मे ही (होते है)।

23 यदि (तू) कर्मों से सम्बन्वित भाव को आत्मा कहता है, तब (तू) परम पद प्राप्त नही करेगा और फिर ससार (मानसिक तनाव) मे भ्रमण करेगा।

24 ज्ञानमय आत्मा को छोडकर दूसरा (कोई भी) भाव (झुकाव) पर-सम्बन्धी (ही) (होता है)। हे मनुष्य ! तू उसको छोडकर (आत्मा के) शुद्ध स्वभाव का ध्यान कर।

25 यदि ज्ञानमय आत्मा देह से भिन्न समझ ली गई (है), (तो) हे (व्यक्ति)! कौन अन्य (बात) को (व्यर्थ ही) समझे ? (इसलिए) जिन कहते है (कि) तुम सब (इस बात) को समझो, समझो।

26 (तेरे द्वारा) पाँच बैल (रूपीइन्द्रियाँ) नही सँभाली गई (हैं)। (तू) नन्दन-वन (रूपीआत्मा) को नही पहुँचा है। (जब) आत्मा नही जानी गई (है) और पर भी नही जाना गया (है), (तो) ऐसे ही (बिना बात ही) (तूने) सन्यास ले लिया है।

27 जब मन चिंतारहित होता है, (तब ही) उपदेश को समझता है। जो (व्यक्ति) चित्त को अचित्त से मिला देता है, वह निश्चय ही चिन्तारहित हो जाता है।

28 जहाँ पर (जो) होता है, वहाँ पर (वह) (तू) होने दे। (किन्तु) (तू) हर्ष और विषाद मत कर। (व्यक्ति) सिद्धिमहापुरी (पूर्ण तनाव-मुक्तता) मे प्रवेश करे। (आचार्य कहते हैं) कि (यदि) (तुम) (सब लोग) (हर्ष और विषाद को) छोडते हो (तो) बन्धन (तनाव)-मुक्त (हो जावोगे)।

29 अहो ! जो पर है, वह पर ही (है)। पर (वस्तु) आत्मा नही होती है। मैं जला दिया जाता हूँ, वह (आत्मा) शेष रहता है, तब (भी) (वह) मुडकर (भी) नही देखता है।

30. जरइ ण मरइ ण सभवइ जो परि को वि अणंतु ।
तिहुवणसामिउ णाणमउ सो सिवदेउ णिभंतु ।।

31. अण्णु तुहारउ णाणमउ लक्खिउ जाम ण भाउ ।
संकप्पवियप्पिउ णाणमउ दड्ढउ चित्तु वराउ ।।

32 णिच्चु णिरामउ णाणमउ परमाणंदसहाउ ।
अप्पा बुज्झिउ जेण परु तासु ण अण्णु हि भाउ ।।

33. अप्पा केवलणाणमउ हियडइ णिवसइ जासु ।
तिहुयणि अच्छइ मोक्कलउ पाउ न लग्गइ तासु ।।

34. चिंतइ जंपइ कुणइ ण वि जो मुणि बंधणहेउ ।
केवलणाणफुरंततणु सो परमप्पउ देउ ।।

35. अब्भितरचित्ति वि मइलियइं वाहिरि काइं तवेण ।
चित्ति णिरंजणु को वि धरि मुच्चहि जेम मलेण ।।

36. खंतु पियंतु वि जीव जइ पावहि सासयमोक्खु ।
रिसहु भडारउ किं चवइ सयलु वि इंदियसोक्खु ।।

37. अप्पा मिल्लिवि गुणणिलउ अण्णु जि झायहि झाणु ।
वढ अण्णाणविमोसियहं कहं तहं केवलणाणु ।।

30 जो न जीर्ण होता है, न मरता है, न उत्पन्न होता (है), (जो) कोई उच्चतम (है), अनन्त (है), त्रिभुवन का स्वामी (है), ज्ञानमय (है), वह निस्सन्देह शिवदेव है।

31 जब तक तुम्हारी अनोखी ज्ञानमय स्थिति नही समझी गई (है), (तब तक ही) विचार और सशय किया हुआ बेचारा अशुभ ज्ञानमय चित्त (स्थित रहता है)।

32 जिसके द्वारा उच्चतम आत्मा नित्य, निरोग, ज्ञानमय और परमानन्द स्वभाववाली समझ ली गई (है), उसके लिए अन्य झुकाव निश्चय ही नही (रहता है)।

33 जिसके हृदय मे केवलज्ञानमय आत्मा निवास करती है, उसके पाप नही लगता है, (और) (वह) त्रिभुवन मे बन्धन-मुक्त (तनाव-मुक्त) होता है।

34 जो मुनि बधन (मानसिक तनाव) के कारण को न कभी (मन से) विचारता है, न (वचन से) कहता है और न (काय से) करता है, वह केवलज्ञान से जगमगाता हुआ शरीरवाला (बन जाता है), (इसलिए) (वही) देव (है), (वही) परमात्मा (है)।

35 भीतरी चित्त मैला किया हुआ होने पर बाहर तप से क्या (लाभ) है? चित्त मे किसी निरजन को धारण कर जिससे कि (ताकि) मल से छुटकारा पा जाए।

36 हे जीव! यदि (तू) खाते हुए (और) पीते हुए ही नित्य शान्ति पा ले (तो) पूज्य ऋषभ ने सब ही इन्द्रिय-सुख क्यो छोडे?

37 हे मूर्ख! (आश्चर्य है) गुणो के आश्रय आत्मा को छोडकर (तू) दूसरे विचार का ही चिन्तन करता है। (समझ) अज्ञान से जुडे हुए (व्यक्तियो) के लिए वहाँ (उस स्थिति मे) केवलज्ञान (आत्मज्ञान) कैसे होगा?

38. अप्पा मिल्लिवि जगतिलउ जो परदव्वि रमंति ।
अण्णु कि मिच्छादिट्ठियह मत्थइ सिगइ होंति ।।

39. अप्पा मिल्लिवि जगतिलउ मूढ म झायहि अण्णु ।
जि मरगउ परियाणियउ तहु कि कच्चहु गण्णु ।।

40. अण्णु जि जीउ म चिंति तुहु जइ वीहउ दुक्खस्स ।
तिलतुसमित्तु वि सल्लडा वेयण करइ अवस्स ।।

41. अप्पाए वि विभावियइं णासइ पाउ खणेण ।
सूरु विणासइ तिमिरहरु एक्कल्लउ णिमिसेण ।।

42 जोइय हियडइ जासु पर एकु जि णिवसइ देउ ।
जम्मणमरणविवज्जियउ तो पावइ परलोउ ।।

43. कम्मु पुराइउ जो खवइ अहिणव पेसु ण देइ ।
परमणिरंजणु जो णवइ सो परमप्पउ होइ ।।

44 पाउ वि अप्पहि परिणवइ कम्मइं ताम करेइ ।
परमणिरंजणु जाम ण वि णिम्मलु होइ मुणेइ ।।

45. लोहहिं मोहिउ ताम तुहुं विसयहं सुक्ख मुणेहि ।
गुरुहु पसाएं जाम ण वि अविचल बोहि लहेहि ।।

38 जगत् की शोभा आत्मा को छोडकर जो (लोग) पर-वस्तु मे टिकते हैं, (वे ही) मिथ्यादृष्टि (असत्यदृष्टिवाले) (है)। (इसके) अतिरिक्त क्या मिथ्यादृष्टि के माथे पर सीग होते हैं ?

39 हे मूढ ! जगत् की शोभा आत्मा को छोडकर (तू) अन्य को मत विचार। (सच है) जिसके द्वारा मरकत (मणि) जान लिया गया है उसके लिए क्या काँच की गिनती (है) ?

40 हे जीव ! यदि तू दुख मे डरा हुआ (है), (तो) पर (वस्तु) का मनन मत कर। तिल-तुस जितना भी काँटा अवश्य वेदना उत्पन्न करता है।

41 (यदि) व्यक्ति के द्वारा (आत्मा के गुण) समझे हुए हैं (तो) (वह) पाप को क्षणभर मे नष्ट कर देता है, (जैसे) सूर्य तुरन्त अन्धकाररूपी घर को अकेला नष्ट कर देता है।

42 हे योगी ! जिसके मन मे जन्म-मरण से रहित एक ही परम देव निवास करता है, तब (ही) (वह) (व्यक्ति) परलोक (श्रेष्ठ जीवन) प्राप्त करता है।

43 जो पुराने किए हुए कर्मों को नष्ट करता है और नये (कर्मों) का प्रवेश नही होने देता और जो परम निर्दोष (व्यक्ति) को नमन करता है, वह परम आत्मा हो जाता है।

44 (व्यक्ति) तभी तक कर्मों को उत्पन्न करता है और (उससे) आत्मा मे (तभी तक) दोष उत्पन्न होता है, जब तक (वह) निर्मल होकर उच्चतम और लेप (आसक्ति) से रहित (आत्मा) को नही जानता है।

45 लोभ के कारण मूर्च्छित हुआ तू तभी तक विषयो के सुख को (अपना) मानता है, जब तक (तू) गुरु की कृपा से दृढ आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त नही करता है।

46. उप्पज्जइ जेण विवोहु ण वि बहिरण्णउ तेण णाणेण ।
तइलोयपायडेण वि असुदरो जत्थ परिणामो ।।

47 वक्खाणडा करंतु बुहु अप्पि ण दिण्णु णु चित्तु ।
कणहिं जि रहिउ पयालु जिम पर सगहिउ बहुत्तु ।।

48. पंडियपडिय पंडिया कणु छंडिवि तुस कंडिया ।
अत्थे गंथे तुट्ठो सि परमत्थु ण जाणहि मूढो सि ।।

49. सयलु वि को वि तडप्फडइ सिद्धत्तणहु तणेण ।
सिद्धत्तणु परि पावियइ चित्तहं णिम्मलएण ।।

50 अरि मणकरह म रइ करहि इंदियविसयसुहेण ।
सुक्खु णिरंतरु जेहिं ण वि मुच्चहि ते वि खणेण ।।

51. तूसि म रुसि म कोहु करि कोहे णासइ धम्मु ।
धम्मि णट्ठि णरयगइ अह गउ माणुसजम्मु ।।

52 हत्थ अहुट्ठ देवली वालहं णा हि पवेसु ।
सतु णिरंजणु तहिं वसइ णिम्मलु होइ गवेसु ।।

53 अप्पापरह ण मेलयउ मणु मोडिवि सहस त्ति ।
सो वढ जोइय किं करइ जासु ण एही सत्ति ।।

46 जिस (ज्ञान) के द्वारा आत्म-बोध उत्पन्न नही किया जाता है, उस तीन लोक को भी प्रकाशित करनेवाले ज्ञान से (व्यक्ति) बाहरी जानकार (तो) (हो जाता है) किन्तु वहाँ (उसका) परिणाम (इतना होने पर भी) घटिया ही (दिखाई देता है)।

47 व्याख्यान देते हुए ज्ञानी ने यदि आत्मा मे चित्त नही दिया (है) (तो) (यह बात ऐसे ही है), जैसे पूरी तरह से कणो से रहित बहुत भूसा ही (उसके द्वारा) इकट्ठा किया गया (है)।

48 हे विद्वान्! हे बुद्धिमान! हे ज्ञानी! कणो (कण-समूह) को छोडकर (तेरे द्वारा) भूसा कूटा गया (है)। (आश्चर्य) (तू) ग्रन्थ (शब्द) मे और अर्थ मे सन्तुष्ट है। (तू) मूढ है, (क्योकि) तू परमार्थ को नही जानता है।

49 सब ही कोई शरीर से सिद्धत्व (आध्यात्मिक शान्ति) के लिए छटपटाते है। किन्तु (सच तो यह है कि) चित्त के निर्मल होने से सिद्धत्व प्राप्त किया जाता है।

50 अरे मनरूपी ऊँट! इन्द्रिय-विषयो से (मिलनेवाले) सुख के कारण (तू) (उनमे) रमण मत कर। जिनके कारण निरन्तर सुख नही है, वे तुरन्त ही छोड दिए जाने चाहिए।

51 (तू) प्रसन्न रह। नाराज मत (हो)। क्रोध मत कर। क्रोध के कारण शान्ति नष्ट हो जाती है। शान्ति के नष्ट होने पर नरक गति (मिलती) है। और (इस कारण से) (व्यक्तियो का) मनुष्य जन्म (ही) व्यर्थ हुआ है।

52 हाथ के निकट देवालय स्थित (है), किन्तु अज्ञानी का (उसमे) प्रवेश नही (होता) है। उस (देवालय) मे शान्त और शुद्ध आत्मा रहती है। (तू) निर्मल होकर खोज।

53 आत्मा और पर का मिलाप (कभी) नही (होता है)। (तू) मन को शीघ्र मोडकर इस प्रकार (समझ)। हे मूर्ख! वह योगी क्या करेगा जिसके (पास) यह शक्ति नही है।

54. अन्तो णत्थि सुईण कालो थोओ वयं च दुम्मेहा ।
त णवर सिक्खियव्वं जि जरमरणक्खय कुणहि ।।

55 सव्वहि रायहि छहरसहि पच्चहि रूवहि चित्तु ।
जासु ण रंजिउ भुवणयलि सो जोइय करि मित्तु ।।

56. देह गलंतह सवु गलइ मइ सुइ धारण धेउ ।
तहिं तेहइ वढ अवसरहिं विरला सुमरहिं देउ ।।

57 उम्मणि थक्का जासु मणु भग्गा भूवहिं चारु ।
जिम भावइ तिम संचरउ ण वि भउ ण वि संसारु ।।

58. सुक्खअडा दुइ दिवहडइ पुणु दुक्खहं परिवाडि ।
हियडा हउं पइ सिक्खवमि चित्त करिज्जहि वाडि ।।

59 जेहा पाणह भुपडा तेहा पुत्तिए काउ ।
तित्थु जि णिवसइ पाणिवइ तहिं करि जोइय भाउ ।।

60 मूलु छडि जो डाल चडि कहं तह जोयाभासि ।
चीरु ण वुण्णह जाइ वढ विणु उट्टिय इ कपासि ।।

61. सव्ववियप्पहं तुट्टहं चेयणभावगयाह ।
कीलइ अप्पु परेण सिहु णिम्मलझाणठियाहं ।।

62 अज्जु जिणिज्जइ करहुलउ लइ पइ देविणु लक्खु ।
जित्थु चडेविणु परममुणि सव्व गयागय मोक्खु ।।

54 शास्त्रो का अन्त नही है । समय थोडा है । और हम दुर्बुद्धि हैं । (इसलिए) केवल वह (ही) सीखा जाना चाहिए, जिससे (तू) जरा-मरण को नष्ट करे ।

55 हे योगी! जिसका चित्त सभी आसक्तियो द्वारा, छ रसो द्वारा, पाच रूपो द्वारा (इस) पृथ्वीतल पर नही रगा गया है, उसको (तू) मित्र बना ।

56 देह के गलती हुई होने पर, इन्द्रिय-ज्ञान, शब्द-ज्ञान, मन की स्थिरता और ध्येय सब कुछ क्षीण हो जाता है । हे मूर्ख ! तब उस अवसर पर बहुत थोडे (लोग) देव का स्मरण कर पाते है ।

57 जिसका मन आत्मा मे ठहरा (है), (उसका) (मन) सुन्दर (हुआ है) । और वह ससार (मानसिक तनावो/आसक्तियो) से दूर हुआ (है) । (ऐसा) (व्यक्ति) जिस प्रकार (उसको) अच्छा लगता है, वैसा व्यवहार करे, (क्योकि) (उसके) (कोई) भी आसक्ति नही है (और) (इसलिए) (उसके) भय भी नही है ।

58 सुख दो दिन तक (रहते हैं), फिर दु खो की परम्परा (चल जाती है) । हे हृदय! मैं तुझको सिखाता हूँ, (कि) (तू) मार्ग पर चित्त लगा ।

59 जैसे प्राणियो के लिए झोपडा (होता है), अरे ! वैसे ही (जीव के लिए) काय (होती है) । वहा ही प्राणपति (आत्मा) रहता है, (इसलिए) हे योगी ! उसमे ही मन लगा ।

60 मूल को छोडकर जो डाल पर चढता है, वहाँ योग कहाँ (है), (तू) कह । हे मूर्ख! ओटे हुए कपास के बिना, बुनने के लिए (सामग्री) निश्चय ही नही (होती है) (और) (वहाँ) (कोई भी) वस्त्र नही बुनता है ।

61 सब विकल्पो के टूटे हुए होने पर, आत्मा के स्वभाव मे पहुँचा हुआ होने पर और निर्मल ध्यान मे ठहरा हुआ होने पर व्यक्ति दूसरे (पदार्थ) के साथ (केवल) क्रीडा ही करता है (उसमे आसक्त नही होता है) ।

62 (आत्म-शान्तिरूपी) लक्ष्य को स्वीकार करके और (सयम को) ग्रहण करके, तेरे द्वारा (इन्द्रियरूपी) ऊँट आज ही जीते जाते हैं (जीते जा सकते हैं) । जहाँ आरूढ होकर सभी परम-मुनि ससारी गमनागमन से मुक्ति (शान्ति) (प्राप्त करते हैं) ।

63 अप्पा मिल्लिवि एक्कु पर अण्णु ण वइरिउ कोइ ।
जेण विणिम्मिय कम्मडा जइ पर फेडइ सोइ ।।

64 जइ वारउं तो तहिं जि पर अप्पहं मणु ण धरेइ ।
विसयहं कारणि जीवडउ णरयहं दुक्ख सहेइ ।।

65 जीव म जाणहि अप्पणा विसया होसहिं मज्झु ।
फल किं पाकहि जेम तिम दुक्ख करेसहिं तुज्झु ।।

66 विसआ सेवहि जीव तुहु दुक्खह साहिक एण ।
तेण णिरारिउ पज्जलइ हुववहु जेम घिएण ।।

67. जसु जीवंतहं मणु मुवउ पंचेंदियहं समाणु ।
सो जाणिज्जइ मोक्कलउ लद्धउ पहु णिव्वाणु ।।

68 किं किज्जइ बहु अक्खरहं जे कालि खउ जंति ।
जेम अणक्खरु संतु मुणि तव वढ मोक्खु कहंति ।।

69 छहदंसणगंथि बहुल अवरुप्परु गज्जंति ।
जं कारणु इक्कु पर विवरेरा जाणंति ।।

हे आत्मन् ! एक पर (-आसक्ति) को छोडकर अन्य कोई भी शत्रु नही (है)। जिसके द्वारा कर्म निर्मित हुए (हैं), (उस) पर (-आसक्ति) को (जो) दूर हटाता है, वही यति है।

4 यदि (मैं) मन को (आत्मा मे) रोकता हूँ, तो (भी) (वह) वहाँ 'पर' मे ही (जाता है), (और) (खेद है कि) (वह) (मन) आत्मा को धारण नही करता है। जीव (मनुष्य) विषयो के कारण नरको के दु खो को सहन करता है।

5 हे जीव ! (तू) मत समझ (कि) इन्द्रिय-विषय मेरे (तेरे) अपने होगे। (तू) जैसे-तैसे (विषयरूपी) फलो को क्यो पकाता है ? वे तेरे लिए दु खो को पैदा करेंगे।

6 हे मनुष्य ! तू इन्द्रिय-विषयो का सेवन करता है। इससे तो (तू) दु खो का साधक (ही) (होता है)। इसलिए (तू) निरन्तर (जलता है) जैसे घी से अग्नि जलती है।

7 जिस (मनुष्य) का जीते हुए ही पचेन्द्रिय के साथ मन मरा हुआ (है), वह मुक्त समझा जाता है, (क्योकि) (उसके द्वारा) शान्ति (या) (उसका) मार्ग प्राप्त किया गया (है)।

68 हे मूर्ख ! (उन) बहुत शब्दो (के ज्ञान) से क्या (लाभ) प्राप्त किया जा है, जो (कुछ) समय मे विस्मरण को प्राप्त होते हैं ? (वास्तव मे) जिस (ज्ञान) से (तू) अक्षररहित (हो जावे) (वह) तेरे लिए मोक्ष है। सत और मुनि (ऐसा) कहते हैं।

69 (मन मे) छह दर्शनो की गाँठ के कारण बहुत (दार्शनिक) एक दूसरे के विरुद्ध गरजते हैं। (सच तो यह है कि) जो (दु ख का) कारण (है), वह (आसक्ति) एक(ही) (है), किन्तु (वे लोग) विपरीत समझते हैं।

70 सिद्धतपुराणेहिं वेय वढ बुज्झंतह णउ भति ।
आणंदेण व जाम गउ ता वढ सिद्ध कहति ।।

71 भिण्णउ जेहिं ण जाणियउ णियदेहहं परमत्थु ।
सो अधउ अवरह अधयह किम दरिसावइ पंथु ।।

72 जोइय भिण्णउ झाय तुहु देहह ते अप्पाणु ।
जइ देहु वि अप्पउ मुणहि ण वि पावहि णिव्वाणु ।।

73 रायवयल्लहिं छहरसहिं पंचहिं रूवहि चित्तु ।
जासु ण रंजिउ भुवणयलि सो जोइय करि मित्तु ।।

74. तोडिवि सयल वियप्पडा अप्पह मणु वि धरेहि ।
सोक्खु णिरतरु तहिं लहहि लहु ससारु तरेहि ।।

75 पुण्णेण होइ विहओ विहवेण मओ मएण मइमोहो ।
मइमोहेण य णरय तं पुण्ण अम्ह मा होउ ।।

76 णमिओ सि ताम जिणवर जाम ण मुणिओ सि देहमज्झम्मि ।
जइ मुणिउ देहमज्झम्मि ता केण णवज्जए कस्स ।।

77. ता संकप्पवियप्पा कम्म अकुणंतु सुहासुहाजणय ।
अप्पसरूवासिद्धी जाम ण हियए परिफुरइ ।।

) हे मूर्ख ! वेद, सिद्धान्त और पुराणो को समझते हुए (व्यक्तियो) के लिए (इसमे) (कोई) सन्देह नही (है) (कि) जब आनन्द से कोई मरा (है), तब हे मूर्ख ! (वे लोग) (उसको ही) सिद्ध (सफल) कहते है ।

1 जिसके द्वारा परमार्थ (को) निज देह से भिन्न नही जाना गया (है), वह अधा (है) । (वह) किस प्रकार दूसरे अधो के लिए मार्ग दिखलायेगा ?

2 हे योगी! तू तेरी आत्मा को देह से भिन्न ध्यान कर । यदि (तू) देह को ही आत्मा मानता है (तो) (तू) निर्वाण (परम शान्ति) कभी नही पायेगा ।

3 छह रसो द्वारा, पाच रूपो द्वारा (तथा) आसक्ति के कोलाहल के द्वारा जिसका चित्त (इस) पृथ्वीतल पर नही रगा गया (है), हे योगी ! (तू) उसको ही मित्र बना ।

14 सब ही विकल्पो को तोडकर (तू) आत्मा मे ही मन को धारण कर । वहाँ (ही) (तू) निरन्तर सुख पायेगा (और) शीघ्र ससार (मानसिक तनाव) को पार कर जायेगा ।

75 पुण्य से वैभव होता है । वैभव से मद (होता है) । मद से बुद्धि की मूर्च्छा (होती है) और बुद्धि की मूर्च्छा से नरक (होता है) । वह पुण्य मेरे लिए न होवे ।

76 हे जिनेन्द्र! (तुम) तब तक ही नमस्कार किए गए हो, जब तक (तुम) देह के अन्दर नही समझे गए हो । यदि (तुम) देह के अन्दर जान लिए गए (हो) तो किसके द्वारा किसको नमस्कार किया जाए ?

77 शुभ-अशुभ को उत्पन्न करनेवाला कर्म न करते हुए (भी) सकल्प-विकल्प तब तक (रहते हैं), जब तक हृदय मे आत्म-स्वरूप की सिद्धि स्फुरित नही होती है ।

78. अवघउ अक्खरु जं उप्पज्जइ ।
अणु वि किं पि अण्णाउ ण किज्जइ ।।
आयइं चित्ति लिहि मणु धारिवि ।
सोउ णिचिंतिउ पाय पसारिवि ।।

79 किं बहुए अडवड वडिण देह ण अप्पा होइ ।
देहहं भिण्णउ णाणमउ सो तुहु अप्पा जोइ ।।

80. दयाविहीणउ धम्मडा णाणिय कह वि ण जोइ ।
बहुए सलिलविरोलियइ करु चोप्पडा ण होइ ।।

81. भल्लाण वि णासति गुण जहिं सहु संगु खलेहिं ।
वइसाणरु लोहह मिलिउ पिट्टिज्जइ सुघणेहिं ।।

82 तित्थइं तित्थ भमेहि वढ धोयउ चम्मु जलेण ।
एहु मणु किम धोएसि तुहुं मइलउ पावमलेण ।।

83 जोइय हियडइ जासु ण वि इक्कु ण णिवसइ देउ ।
जम्मणमरणविवज्जियउ किम पावइ परलोउ ।।

84 जिम लोणु विलिज्जइ पाणियह तिम जइ चित्तु विलिज्ज ।
समरसि हूवइ जीवडा काइं समाहि करिज्ज ।।

85 तित्थइं तित्थ भमंतयह संताविज्जइ देहु ।
अप्पें अप्पा झाइयइ णिव्वाणं पउ देहु ।।

78 (यह उत्तम है) कि दृढ अहिंसा (तेरे मन मे) उत्पन्न होती है। (तथा) (तेरे द्वारा) थोडा कुछ भी अन्याय नही किया जाता है। (तू) (अन्याय न करना और अहिंसा का पालन करना)—इन दोनो को मन मे स्थिर करके अपने चित्त मे लिख ले और फिर पाँवो को पसार कर निश्चिन्त होकर सो।

79 बहुत अटपट कहने से क्या (लाभ है)? देह आत्मा नही(है)। हे योगी! देह से भिन्न(जो) ज्ञानमय आत्मा है, वह तू(है)।

80 हे ज्ञानी योगी! दया मे रहित धर्म किसी तरह भी नही (होता है)। (यह इतना ही सच है जितना कि) विलोडन किए हुए बहुत पानी से (भी) हाथ (कभी) चिकना नही होता है।

81 जहा(भलो की) दुष्टो के साथ सगति (हुई) (कि) भलो के गुण भी नष्ट हो जाते हैं। (क्या यह सच नही है कि) लोहे के(साथ) मिली हुई अग्नि हथौडो से पीटी जाती है?

82 तीर्थों पर, तीर्थों पर(तू) जाता है। हे मूर्ख! (तेरे द्वारा) (वहाँ) जल से चमडा धोया हुआ (है)। (किन्तु यह बता कि) पाप-मल से मैले इस मन को तू किस प्रकार धोयेगा?

83 हे योगी! (तू बता कि) जिसके हृदय मे जन्म-मरण से रहित एक दिव्य आत्मा निवास नही करती है, (वह) किस प्रकार श्रेष्ठ जीवन प्राप्त करेगा?

84 जिस प्रकार नमक पानी मे विलीन हो जाता है, उसी प्रकार यदि चित्त (आत्मा मे) लीन हो जाता है, (तो) जीव समतारूपी रस मे डूब जाता है। (और) समाधि क्या(कार्य) करती है।

85 तीर्थों मे, तीर्थों मे भ्रमण करते हुए (व्यक्तियो) की देह(ही) दुखी की जाती है।(चूंकि) (निर्वाण के लिए) आत्मा के द्वारा आत्मा ध्याया गया है, (इसलिए) (तू) निर्वाण मे कदम रख।

86 मूढा जोवइ देवलइं लोयहिं जाइं कियाइं ।
देह ण पिच्छइ अप्पणिय जहिं सिउ सतु ठियाइ ।।

87 देहादेवलि सिउ वसइ तुहु देवलइं णिएहि ।
हासउ महु मणि अत्थि इहु सिद्धे भिक्ख भमेहि ।।

88 जिणवरु झायहि जीव तुहु विसयकसायह खोइ ।
दुक्खु ण देक्खहि कहिं मि वढ अजरामरु पउ होइ ।।

89 इंदियपसरु णिवारियइ मण जाणहि परमत्थु ।
अप्पा मिल्लिवि णाणमउ अवरु विडाविड सत्थु ।।

90 विसया चिंति म जीव तुहुं विसय ण भल्ला होंति ।
सेवंताहं वि महुर वढ पच्छइं दुक्खइ दिंति ।।

91 भवि भवि दंसणु मलरहिउ भवि भवि करउ समाहि ।
भवि भवि रिसि गुरु होइ महु णिहयमणुब्भववाहि ।।

92 वेपथेहिं ण गम्मइ वेमुहसूई ण सिज्जए कया ।
विण्णि ण हुंति अयाणा इंदियसोक्खं च मोक्ख च ।।

86 लोगो के द्वारा जो देवालय बनाये गये हैं, मूढ (व्यक्ति) (उनको) (तो) देखता है। (किन्तु) (खेद है कि) (वह) अपनी देह को नही देखता है जहाँ शान्त परम आत्मा ठहरा हुआ (है)।

87 देहरूपी मन्दिर मे परम आत्मा बसती है। (किन्तु) तू (उसके लिए) मन्दिरो को देखता है। मेरे मन मे यह हँसी (आती) है (कि) सिद्ध होने पर भी (तू) भीख के लिए घूमता है।

88 विषय-कषायो को नष्ट करके हे जीव! तू जिनेन्द्र का ध्यान कर। (इस प्रकार) (तू) कही भी दु ख नही देखेगा। हे मूर्ख! (तू समझ कि) अजरामर पद (इससे ही) होता है।

89 (यदि) (विभिन्न) इन्द्रियो के प्रसार रोके गए हैं (तो) हे मन! (तू) (इसी को) परमार्थ समझ। ज्ञानमय आत्मा को छोडकर दूसरे शास्त्र अटपटे (ही) (लगते) (हैं)।

90 हे जीव! तू विषयो का चिन्तन मत कर। विषय अच्छे नही होते हैं। (विषयो का) सेवन करते हुए (व्यक्तियो) के लिए (वे) मधुर (होते हैं)। किन्तु हे मूर्ख! (वे) पीछे दु खो को देते हैं।

91 (हे भगवन!) (मेरे) मलरहित सम्यग्दर्शन (आध्यात्मिक श्रद्धा) प्रत्येक जन्म मे रहे। प्रत्येक जन्म मे (मैं) समाधि के लिए प्रयत्न करूँ। (तथा) (जिनके द्वारा) मन से उत्पन्न (आसक्तिरूपी) व्याधि नष्ट कर दी गई है, (ऐसे) ऋषि प्रत्येक जन्म मे मेरे गुरु (होवें)।

92 (तू समझ कि) दो मार्गों से गमन नही किया जाता है। दो मुखवाली सूई से पुराना वस्त्र नही सिया जाता है। (ठीक इसी प्रकार) हे अज्ञानी! इन्द्रिय-सुख और तनाव-रहितता दोनो (एक साथ) नही होते हैं।

व्याकरणिक विश्लेषण एवं शब्दार्थ

1	गुरु	(गुरु) 1/1 वि	=महान
	दिणयरु	(दिणयर) 1/1	=सूर्य
	हिमकरणु	(हिमकरण) 1/1	=चन्द्रमा
	दीवउ	(दीवअ) 1/1	=दीपक
	देउ	(देअ) 1/1	=देव
	अप्पापरह	[(अप्प→अप्पा)[1]–(पर) 6/2]	=स्व भाव और पर भाव की
	परपरह	(परपर) 6/2	=परपरा के
	जो	(ज) 1/1 सवि	=जो
	दरिसावइ	(दरिस→दरिसाव) व प्रे 3/1 सक	=समझाता है
	भेउ	(भेअ) 2/1	=भेद को
2	अप्पायत्तउ	[(अप्प)+(आयत्तउ)] [(अप्प)–(आयत्त अ) भूकृ 1/1 अनि 'अ' स्वार्थिक]	=स्वय के अधीन
	ज	(ज) 1/1 सवि	=जो
	जि	अव्यय	=भी
	सुहु	(सुह) 1/1	=सुख
	तेण	(त) 3/1 स	=उससे
	जि	अव्यय	=ही
	करि	(कर) विधि 2/1 सक	=कर
	संतोसु	(सतोस) 2/1	=सतोष

1. समान मे ह्रस्व का दीर्घ हो जाता है (हे प्रा व्या 1–4)।

	परसुहु	[(पर) वि–(सुह)2/1]	=दूसरो के (अधीन) सुख को (का)
	वढ	(वढ) 8/1 वि	=हे मूर्ख
	चिंतनह	(चिंत→चिंतत) वकृ 6/2	=विचार करते हुए (व्यक्तियों के
	हियइ	(हियअ) 7/1	=हृदय मे
	ण	अव्यय	=नहीं
	फिट्टइ	(फिट्ट) व 3/1 अक	=मिटती है
	सोसु	(सोस) 1/1	=कुम्हलान
3	आभुजता	(आ-भुज→भुजत) वकृ1/2	=सब ओर से भोगते हुए
	विसयसुह	[(विसय)–(सुह)2/2]	=विषयो (से उत्पन्न) सुखो को
	जे	(ज) 1/2 सवि	=जो
	ण	अव्यय	=नहीं
	वि	अव्यय	=कभी
	हियइ	(हियअ) 7/1	=हृदय में
	धरति	(धर)व3/2 सक	=धारण करते है
	ते	(त)1/2 सवि	=वे
	सासयसुहु	[(सासय) वि–(सुह) 2/1]	=अविनाशी सुख को
	लहु	अव्यय	=शीघ्र
	लहहिं	(लह) व 3/2 सक	=प्राप्त करते हैं
	जिणवर	(जिणवर) 1/2	=जिनवर
	एम	अव्यय	=इस प्रकार
	भणति	(भण) व 3/2 सक	=कहते हैं
4.	ण	अव्यय	=न
	वि	अव्यय	=भी
	भुजता	(भुज→भुजत) वकृ 1/2	=भोगते हुए
	विसय	(विसय) 6/2	=विषयो के
	सुह	(सुह) 2/2	=सुखो को

	हियडइ	(हिय+अडअ→हियडअ) 7/1 'अडअ' स्वार्थिक	=हृदय में
	भाउ	(भाअ)2/1	=आसक्ति को
	धरति	(धर) व 3/2 सक	=रखते हैं
	सालिसित्थु	(सालिसित्थ) 1/1	=सालिसित्थ
	जिम	अव्यय	=जैसे
	वप्पुडउ	(वप्पुडा+अउ→वप्पुडउ)1/1 वि (दे)	=बेचारा
	णर	(णर) 1/2	=मनुष्य
	णरयह	(णरय[1])6/2	=नरकों मे
	णिवडति	(णिवड) व 3/2 अक	=गिरते हैं
5	आयइ[2]	(आयअ)7/1	=आपत्ति मे
	अडवड	(अडवड) 1/1 वि	=अटपट
	वडवडइ	(वडवड) व 3/1 अक	=बडबडाता है
	पर	अव्यय	=किन्तु
	रजिज्जइ	(रज→रजिज्ज) व कर्म3/1 सक	=खुश किया जाता है
	लोउ	(लोअ) 1/1	=लोक
	मणसुद्धइ[2]	[(मण)—(सुद्ध)7/1 वि]	=मन के कषायरहित होने पर
	णिच्चलठियइ	[(णिच्चल) वि—(ठिअ)[2]7/1 वि]	=अचलायमान और दृढ होने पर
	पाविज्जइ	(पाव) व कर्म 3/1 सक	=प्राप्त किया जाता है
	परलोउ	[(पर) वि–(लोअ) 1/1]	=पूज्यतम जीवन
6	घघइ[2]	(घघ) 7/1	=घघे में
	पडियउ	(पड→पडिय→पडियअ) भूकृ 1/1 'अ' स्वार्थिक	=पडा हुआ
	सयलु	(सयल) 1/1 वि	=सकल
	जगु	(जग) 1/1	=जगत

---

1 कभी कभी सप्तमी के स्थान पर षष्ठी का प्रयोग पाया जाता है–(हे प्रा व्या 3–134)

2 श्रीवास्तव, अपभ्रंश भाषा का अध्ययन, पृष्ठ, 146।

	कम्मइं	(कम्म) 2/2	=कर्मों को
	करइ	(कर) व 3/1 सक	=करता है
	अथाणु	(अयाण) 1/1 वि	=ज्ञानरहित
	मोक्खह[1]	(मोक्ख) 6/1	=मोक्ष के
	कारणु	(कारण)2/1	=कारण
	एक्कु	(एक्क) 1/1 वि	=एक
	खणु	(खण) 1/1	=क्षण
	ण	अव्यय	=नहीं
	वि	अव्यय	=भी
	चिंतइ	(चिंत) व 3/1 सक	=विचारता है
	अप्पाणु	(अप्पाण) 2/1	=आत्मा को
7	अण्णु	(अण्ण) 1/1 वि	=अन्य
	म	अव्यय	=मत
	जाणहि	(जाण) विधि 2/1 सक	=जानो
	अप्पणउ	(अप्पणअ) 1/1 वि 'अ' स्वार्थिक	=अपनी
	घरु	(घर) 2/1	=घर
	परियणु	(परियण)2/1	=नौकर-चाकर
	तणु	(तण) 2/1	=शरीर
	इट्ठु	(इट्ठ) 2/1 वि	=इच्छित वस्तु को
	कम्मायत्तउ	[(कम्म)+(आयत्तउ)]	=कर्मों के अधीन
		[(कम्म)—(आयत्तअ) भूकृ 1/1 अनि 'अ' स्वार्थिक]	
	कारिमउ	(कारिमअ)1/1 वि	=बनावटी
	आगमि	(आगम) 7/1	=आगम में
	जोईहिं	(जोइ) 3/2	=योगियो द्वारा
	सिट्ठु	(सिट्ठ) भूकृ 1/1 अनि	=बताया गया
8	ज	(ज) 1/1 सवि	=जो
